मूल्य 1 रु.

वर्ष: 9 - अंक : 238, मुंबई, गुरुवार, 5 दिसंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

## गैस टैंकर खाली करते समय सिरेमिक...

# फैक्ट्री में धमाका



## 18 भारतीयों समेत....

# 23 की मौत 130 घायल

**संवाददाता**

**नई दिल्ली/खार्तूम।** सूडान में एक सिरेमिक फैक्ट्री परिसर में हुए विस्फोट में 18 भारतीयों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 130 से अधिक घायल हो गए। हालांकि, कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान में दिक्कत आ रही है। विस्फोट मंगलवार शाम खार्तून के बाहरी इलाके में हुआ। सूडान स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को यह जानकारी दी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### 7 भारतीय नागरिक अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर है, भारतीय विदेश मंत्रालय ने हॉटलाइन नंबर जारी किया

## सरकार से पहले डब्बावाले खिलाएंगे...

# 10 रुपये में भरपेट भोजन



**संवाददाता**

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव के दौरान शिवसेना ने लोगों को 10 रुपये और बीजेपी ने 5 रुपये में भरपेट भोजन कराने का जनता से वादा किया था। बीजेपी सत्ता से बाहर हो गई, जबकि राज्य में उद्धव ठाकरे सरकार बनने के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। हालांकि, अब तक गरीबों को 10 रुपये वाली थाली उपलब्ध कराने वाली योजना पर अमल नहीं हुआ है। (शेष पृष्ठ 5 पर)


॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI



• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501


### 'भीमा कोरेगांव हिंसा में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस हो'

(समाचार पृष्ठ 5 पर)



## आईएनएक्स केस

# चिदंबरम को जमानत

### 106 दिन बाद तिहाड़ जेल से रिहा, सुप्रीम कोर्ट की शर्त– न तो सबूतों से छेड़छाड़ करें, न मीडिया में बयान दें

**नई दिल्ली।** आईएनएक्स मीडिया घोटाले में आरोपी पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम (74) को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी सशर्त जमानत दे दी। देर शाम वे तिहाड़ जेल से रिहा हो गए। इससे पहले अदालत ने कहा कि चिदंबरम किसी भी तरह से गवाहों और सबूतों को प्रभावित नहीं करेंगे। वे इस मामले में मीडिया में कोई बयान और इंटरव्यू भी नहीं दे सकते। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मांग पर दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### सीबीआई ने चिदंबरम को 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### 100 सीसीटीवी से चैत्यभूमि की निगरानी

**मुंबई।** भारतरत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दादर स्थित चैत्यभूमि पर 6 दिसंबर को होने वाले आयोजन की 100 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। यहां आने वाले अनुयायियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए मंत्री सुभाष देसाई ने मंगलवार को राज्य सरकार और मुंबई मुंबई मनपा द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की।

बता दें कि हर साल 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर डॉ.आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करने पूरे देश से लाखों अनुयायी यहां आते हैं। इसीलिए यहां सुरक्षा-व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती होती है।

राज्य भर से आने वाले अनुयायियों के लिए शिवाजी पार्क में एक मंडप स्थापित किया जा रहा है। एलईडी स्क्रीन, भोजन मंडप, पीने के पानी के लिए 16 टैंकर और 380 नलों की व्यवस्था, 18 मोबाइल शौचालय और 120 फाइबर शौचालय, 260 स्नान गृह, परिसर में समुचित प्रकाश व्यवस्था, समुद्री किनारों पर 48 तटरक्षकों को तैनात किया जाएगा। मंडप में 300 मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, शिवाजी पार्क और चैत्यभूमि क्षेत्र में तीन चिकित्सा कक्ष और 11 ऐम्बुलेंस तैनात की जाएंगी। चैत्यभूमि, अशोक स्तंभ, भीमज्योति सहित पूरे क्षेत्र की मरम्मत और रंगरोगन किया गया है। 6 दिसंबर को सरकार द्वारा डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे और हेलिकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी।

### माहिम बीच पर मिला सूटकेस, अंदर थे कटे हाथ और पैर

**मुंबई।** मुंबई के माहिम बीच पर एक ऐसा सूटकेस मिला है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के कटे हुए अंग भरे हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूटकेस अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह माहिम बीच पर समुद्र के पानी में एक सूटकेस तैरता हुआ पाया गया। इसे खोलने पर इसके अंदर किसी पुरुष का एक हाथ और एक पैर मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। फिलहाल यह कटे हुए अंग किसके हैं इसकी जानकारी के लिए उन्हें जेजे हॉस्पिटल भेज दिया गया है, जहां उनकी मेडिकल जांच की जाएगी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश भी कर रही है। पुलिस ने कुछ जांच टीम बनाई हैं जो स्थानीय मछुआरों और कोस्टल पुलिस के साथ मिलकर समुद्र में शरीर के बाकी हिस्से खोजने की कोशिश करेंगी। इसके अलावा इस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों से मिली फुटेज से भी सुराग निकालने की कोशिश की जाएगी।

### 10 महीने में रेलवे से 125 मौत

**कल्याण।** डोंबिवली लोहमार्ग रेलवे पुलिस की हद में 1 जनवरी से 31 अक्टूबर के बीच 10 महीने में 125 लोगों की मौत हुई है और 10 लोग जख्मी होने रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है। रेलवे के नियम को तोड़ते हुए 78 पुरुष और 8 महिलाएं भी सामने आई हैं।

गाड़ी से गिरकर 34 पुरुष और 5 महिलाओं की मौत हुई। अक्टूबर में रेलवे के नियम को तोड़ने से ट्रेन की चपेट में आकर 5 लोगों की मौत हुई, गाड़ी से गिरकर 5 लोगों की।

लोहमार्ग रेलवे पुलिस स्टेशन हद में ठाकुर्ली, कोपर, कॉमन रोड और जुचंद्र 7 रेलवे स्टेशन हैं, जहां रेलवे पटरी पार न करने और लोकल के दरवाजे पर खड़े न रहने की घोषणा भी करता है, लेकिन लोगों उन्हें अनसुना कर देते हैं। यहां के लिए रेलवे कई बार जागरूकता अभियान भी चला चुकी है, लेकिन तब भी यहां यात्री जान गवां बैठते हैं। रेलवे प्लेटफॉर्म पर गाड़ी रुकने से पहले और बाद में भी अनाउंस किया जाता है।

# भीमा-कोरेगांव हिंसा: प्रदर्शनकारियों पर दर्ज केस वापस लेने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने नाणार परियोजना और आरे जंगल काटे जाने के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के लिए मंगलवार को समिति गठित कर दी। इसी बीच वरिष्ठ एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने सीएम उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज केस वापस लेने की मांग की है।

मुंडे ने सीएम उद्धव ठाकरे को मराठी में पत्र लिखकर यह मांग की है। उन्होंने अपना पत्र ट्वीट करते हुए सीएम से अपील की कि वह बीजेपी सरकार के अत्याचार से पीड़ित कार्यकर्ताओं



और प्रदर्शनकारियों के साथ न्याय करें। मुंडे के पत्र लिखने से पहले एनसीपी के विधायक जितेंद्र अव्हाड़ ने भी सीएम ठाकरे से भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार आरोपियों को रिहा करने की मांग की थी। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर इसे लेकर ट्वीट किया था, जिसमें सीएम ठाकरे और कैबिनेट मंत्री जयंत पाटिल को टैग किया गया था।

बता दें कि भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार आरोपियों की रिहाई का समर्थन करने वालों पर शिवसेना हमेशा से हमलावर रही है। पार्टी के मुखपत्र सामना में कई बार ऐसे लोगों के खिलाफ तीखी टिप्पणी की जा चुकी है। ऐसे में सीएम ठाकरे के लिए एनसीपी की इस मांग पर फैसला लेने में मुश्किल जरूर हो सकती है।

# शिवसेना सांसद की कार ने हिरण को कुचला, ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज



**मुंबई।** शिवसेना सांसद राजेंद्र गावित के ड्राइवर के खिलाफ कार से एक हिरण को कुचल देने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, संजय गांधी नैशनल पार्क (मुंबई) में ड्राइवर एस जॉर्ज ने देखने के बावजूद हिरण को कुचल दिया। घटना के दौरान ड्राइवर जिस गाड़ी को चला रहा था, उसे सीज कर दिया गया है।

बताया गया कि यह घटना बुधवार को पार्क के बोरिवली की तरफ वाले गेट के पास हुई। यह भी कहा गया है कि ड्राइवर पार्क के नियमों के मुताबिक तय की गई स्पीड से ज्यादा स्पीड पर गाड़ी चला रहा था। संजय गांधी नैशनल पार्क के निदेश अनवर अहमद ने कहा, 'हमने ड्राइवर से पूछताछ की और उसके खिलाफ वाइल्ड लाइफ ऐक्ट, 1972 के तहत केस दर्ज किया गया है।'

उन्होंने यह भी बताया कि घटना के वक्त गाड़ी में कोई और नहीं था। पार्क के नियमों के मुताबिक, यहां 20 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक स्पीड पर गाड़ी चलाना मना है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि पार्क में मौजूद जानवर सुरक्षित रहें। अधिकारियों ने बताया कि पिछले डेढ़ साल में पार्क के अंदर हुए सड़क हादसों में आठ बंदरों की मौत हो चुकी है। अनवर अहमद ने कहा, 'हमने पार्क के अंदर बाकायदा नोटिस लगा रखा है कि यहां अधिकतम स्पीड 20 किलोमीटर प्रति घंटा है। लोगों को समझना चाहिए कि ये नियम जरूरी क्यों हैं। अगर ड्राइवर जॉर्ज गाड़ी तय स्पीड पर चला रहे होते तो हिरण को कुछ नहीं होता है। हम इस मामले में जांच कर रहे हैं।'

## आरे, नाणार केस वापस लेने के लिए बनी समिति

**मुंबई।** आरे में मेट्रो कार शेड और कोंकण में नाणार परियोजना का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दर्ज किए गए केस वापस लेने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा केस वापस लेने की घोषणा के बाद यह कार्यवाही शुरू की गई है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अगुवाई में पांच सदस्यीय समिति जिसमें पुलिस महानिदेशक, मुंबई पुलिस आयुक्त, गृह, कानून विभागों के प्रधान सचिव शामिल हैं, प्रदर्शनकारियों पर दर्ज केसों की समीक्षा करेगी। समिति सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को देगी, जिसके बाद सीआरपीएसी की धारा 321 के तहत मामले वापस लिए जाएंगे।

# अब कॉलेज नहीं वसूल पाएंगे मनचाही फीस

**मुंबई।** आगामी शैक्षणिक वर्ष से कॉलेज मनचाही फीस नहीं वसूल पाएंगे। कॉलेजों द्वारा वसूली जा रही मनचाही फीस पर रोक लगाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (युजीसी) एक मसौदा तैयार कर रहा है। प्रारंभिक तौर पर इस मसौदे के तहत कॉलेज 15 प्रतिशत से ज्यादा मुनाफा नहीं कमा सकेंगे। फिलहाल देशभर के अनुदान प्राप्त और निजी कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रफेशनल कोर्सेस के लिए मनमानी फीस वसूलते हैं। अगर इस मसौदे को ठीक से लागू किया जा सका, तो शिक्षा माफिया पर काफी हद तक अंकुश लग जाएगा।

यूजीसी जिस मसौदे पर काम कर रहा है, उसके तहत कॉलेज का खर्च, उपलब्ध सुविधाएं और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पाठ्यक्रमों की फीस तय होगी। कुछ दिनों पहले युजीसी द्वारा आयोजित बैठक में प्रफेशनल कोर्सेस की फीस को लेकर चर्चा हुई थी। बैठक में प्रफेशनल कोर्सेस की फीस नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया है।

फीस तय करने के लिए युजीसी द्वारा समिति का गठन किया जाएगा। समिति देशभर के शिक्षा संस्थानों का दौरा करेगी। कॉलेजों द्वारा वसूली जा रही फीस वाजिब है या नहीं, इसकी समीक्षा की जाएगी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारित की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, फीस की वजह से कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहे, इसलिए यह योजना तैयार की गई है। कोई भी कॉलेज सालभर में जितनी राशि शिक्षक के वेतन, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करता है, उससे अधिकतम 15 प्रतिशत अधिक राशि ही फीस के तौर पर वसूल कर सकेगा।

बीते कुछ सालों में मुंबई समेत देशभर में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या तेजी से बढ़ी है। केवल मुंबई में ही तीन निजी विश्वविद्यालय हैं। मुंबई विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य और प्रिंसिपल डॉ. एनएन पाण्डेय के अनुसार, निजी विश्वविद्यालय अभ्यासक्रम से लेकर फीस की राशि खुद तय करते हैं। अनुदान प्राप्त कॉलेजों की तुलना में निजी कॉलेजों की फीस तीन से चार गुना अधिक होती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# फजल-उल-रहमान उर्फ फजलू, जिसने डॉन दाऊद से भी कर ली थी हफ्तावसूली

**मुंबई।** डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके गुर्गों द्वारा मुंबई और देश के व्यापारियों से हफ्ता मांगने के दर्जनों मामले पूरे देश में दर्ज हैं। इनके बीच एक डॉन ऐसा भी है, जिस तक खुद दाऊद ने हफ्ता पहुंचाया। फजलू उर्फ फजल-उल-रहमान नामक इस आरोपी पर मुंबई क्राइम ब्रांच ने मकोका लगाया है। उसे पिछले सप्ताह गुजरात की साबरमती जेल से मुंबई लाया गया था।

फजलू की साल 2005 के एक केस में सीनियर इन्स्पेक्टर अजय सावंत और सचिन कदम की टीम ने कस्टडी ली है। इस केस में एक हीरा व्यापारी को गोली मारी गई थी। डी. बी. मार्ग पुलिस में तब एफआईआर दर्ज हुई थी। चार आरोपी गिरफ्तार भी हुए थे। तीन बाद में दोषी भी साबित हुए। एक को कोर्ट ने बरी कर दिया था। फजलू को उस केस में वॉन्टेड दिखाया गया था। मुंबई के इस केस के अलावा भी उस पर पूरे देश में 40



मामले और दर्ज हैं। ऐसे ही एक केस में वह गुजरात की जेल में बंद था।

फजलू मूल रूप से इरफान गोगा के लिए काम करता था। इरफान का दाऊद के भाई अनीस ने मर्डर करवा दिया था। इस मर्डर की क्या वजह थी, क्राइम ब्रांच सूत्र इसकी पृष्ठभूमि 50 लाख रुपये की हफ्तावसूली से जुड़ी बता रहे हैं। एक अधिकारी ने एनबीटी को बताया कि साल 1995 में इरफान का फजलू के पास दुबई से फोन आया, 'मैं दाऊद के बहनोई हामिद अंतुले को उगाही के लिए फोन कर रहा हूं। तुम हैदराबाद जाओ और अपने लोकल संपर्कों के जरिए तुम भी हामिद को हफ्ते के लिए फोन करो।'


फजलू ने जब हामिद को फोन किया, तो उसने दाऊद को कॉल कर दिया। दाऊद ने अनीस से कहा कि वह फजलू को यह रकम लेने के लिए मना करे। जब अनीस ने फजलू को फोन किया, तो उसने अनीस से कहा, 'तुम मेरे बॉस नहीं हो। मेरा बॉस इरफान गोगा है।' बाद में दाऊद को अपने बहनोई तक 50 लाख रुपये पहुंचाने पड़े। बहनोई ने फिर फजलू को यह रकम दी। दाऊद और अनीस ने इरफान गोगा को दी गई इस हफ्तावसूली की रकम को अपना अपमान माना। बाद में इरफान का दुबई में एक क्रिकेट बुकी शोएब द्वारा मर्डर कर दिया गया। शोएब अनीस का ही आदमी है।

इरफान गोगा के कत्ल के बाद फजलू साल 1998 में दुबई पहुंचा। वह वहां साल 2003 तक रहा। जब छोटा राजन पर बैंकॉक पर हुए हमले के साजिशकर्ताओं में से एक शरद शेट्टी का दुबई में इंडियन क्लब में मर्डर हो गया, तो वहां की पुलिस ने अंडरवर्ल्ड माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया। फजलू ने उसी के बाद दुबई छोड़ने का फैसला किया। वह वहां से थाईलैंड गया। कुछ महीने वहां रहने के बाद नेपाल आया। उसके पास दो नेपाली पासपोर्ट थे। नेपाल से जब वह भारत आया था, तब उसे गिरफ्तार किया गया था।

## किसी विकास परियोजना पर रोक नहीं: उद्धव

**मुंबई ।** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने साफ कर दिया है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार के दौरान राज्य में शुरू की गई किसी भी विकास परियोजना को रोका नहीं जाएगा। मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री ठाकरे ने नेतृत्व में राज्य में शुरू आधारभूत विकास योजनाओं कि समीक्षा बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि आधरभूत सुविधाओं की राह में हम रोड़ा नहीं बनेंगे, लेकिन उपलब्ध निधि व उसके उपयोग सहित सभी बातों पर विचार करते हुए विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए



उपलब्ध निधि और उसकी प्राथमिकता तय कर काम को समय पर पूरा किया जाएगा, जिससे आम लोगों को समय से परियोजना का लाभ मिल सके। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मेट्रो कारशेड के लिए स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर कोई रास्ता निकाला जाएगा। समृद्धि महामार्ग के जरिए किसानों के जीवन में समृद्धि आनी चाहिए। समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुंबई, नागपुर, पुणे मेट्रो, ट्रांस हार्बर लिंक, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग परियोजना शामिल है। इस दौरान मंत्री एकनाथ शिंदे, सुभाष देसाई, छगन भुजबल, जयंत पाटील सहित मुख्य सचिव अजोय मेहता, एमएमआरडीए आयुक्त आरए राजीव, डॉ.अश्विनी भिडे, नगरविकास विभाग के अपर मुख्य सचिव नितिन करीर सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार से पहले डब्बावाले खिलाएंगे 10 रुपये में भरपेट भोजन



**मुंबई।** विधानसभा चुनाव के दौरान शिवसेना ने लोगों को 10 रुपये और भाजपा ने 5 रुपये में भरपेट भोजन कराने का जनता से वादा किया था। भाजपा सत्ता से बाहर हो गई, जबकि राज्य में उद्धव ठाकरे सरकार बनने के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। हालांकि, अब तक गरीबों को 10 रुपये वाली थाली उपलब्ध कराने वाली योजना पर अमल नहीं हुआ है। वहीं, मुंबई में प्रतिदिन लाखों लोगों को उनके ऑफिस में भोजन उपलब्ध कराने वाले डब्बावाले सरकार से पहले लोगों को 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराएंगे।

मुंबई डब्बावाला असोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तलेकर ने बताया कि चुनाव में हमने शिवसेना का समर्थन किया था। अब उद्धव ठाकरे राज्य के मुख्यमंत्री बन गए हैं, इसलिए हमने मुंबई में पहला अन्न वितरण केंद्र शुरू करने का फैसला किया है, जहां लोगों को 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। मुंबई के डब्बावालों पर पीएचडी कर चुके डॉ.पवन अग्रवाल ने अपनी विक्रोली के टैगोर नगर स्थित जमीन डब्बावालों को मुफ्त में देने की बात कही है। यहां हम लोगों को दोपहर में 12 से 2 बजे तक और रात में 7 से 9 बजे के बीच 10 रुपये में भरपेट भोजन खिलाएंगे। तलेकर ने बताया कि सेंटर तक नहीं पहुंच पाने वाले विक्रोली के बुजुर्गों के लिए भी योजना बनी है। ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को उचित दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जो हमारे सेंटर तक आने में असमर्थ हों और जिन्होंने ऑर्डर दिए हों। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर तक यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। इसमें क्या कुछ बदलाव हो सकता है, इस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

सुभाष तलेकर अध्यक्ष (मुंबई डब्बावाला असोसिएशन) ने बताया कि 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराना मुश्किल है, लेकिन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इसकी घोषणा कि है तो मुंबई डब्बावाला असोसिएशन घाटा सह कर उसे पूरा करने कि कोशिश करेगा। इस काम में दशरथ केदारी,कैलाश शिंदे,अनंथा तलेकर व अन्य हमारी मदद करेंगे।

# अगले हफ्ते से सस्ती प्याज

**मुंबई।** प्याज की आसमान पर पहुंचीं कीमतों पर अगले हफ्ते लगाम लग सकती है। केंद्र सरकार ने महंगे प्याज से निकले जनता के आंसू पोंछने के लिए प्याज का आयात किया है। विदेश से 1.10 लाख टन प्याज 10 दिसंबर से आना शुरू हो जाएगा। सरकार ने यह प्याज 52 से 55 रुपये प्रति किलो में मंगाया है। मंगलवार को मुंबई में प्याज की कीमत 120 रुपये प्रति किलो तक हो गई। एशिया की सबसे बड़ी लासलगांव प्याज मंडी के डायरेक्टर जयदत्त होलकर ने दावा किया कि प्याज की नई फसल मंडी में आने लगी है, इससे भी कीमतें नीचे आएंगी।

देश में प्याज की कुल उपज का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा महाराष्ट्र का है। बेमौसम की बारिश के



कारण प्याज की उपज पर इस साल बहुत बुरा असर पड़ा। पिछले साल महाराष्ट्र में प्याज की कुल उपज 80.47 लाख टन थी, जो इस साल 65 लाख टन रह गई। यहां इस साल प्याज की उपज 15.47 लाख टन कम हुई है।

मुंबई के जेएनपीटी बंदरगाह पर 10 दिसंबर को प्याज की 1160 टन की पहली खेप उतरेगी, जिसे देशभर में भेजा जाएगा। 17 दिसंबर तक 1450 टन, 24 दिसंबर तक 2030 टन और 31 दिसंबर तक 1450 टन प्याज मुंबई आएगा। देश के दूसरे राज्यों के बंदरगाहों पर भी विदेशी प्याज उतरेगा।

बेमौसम की बारिश ने प्याज की उपज को बुरी तरह से प्रभावित किया। महाराष्ट्र में प्याज की फसल साल में तीन बार (खरीफ, लेट खरीफ और रबी) होती है। साल 2016-17 में महाराष्ट्र में कुल 4.71 लाख हेक्टेयर जमीन में प्याज लगाई गई और उपज करीब 89.36 लाख टन हुई थी। मगर साल 2017-18 में 5.27 लाख हेक्टेयर में प्याज की उपज हुई 72.16 लाख टन हुई।

इन दोनों साल प्याज की कीमतें बहुत कम हो गई थीं। तब तत्कालीन फडणवीस सरकार ने किसानों को आर्थिक मदद दी थी। प्याज की कीमतें गिरने से साल 2018-19 में किसानों ने प्याज कम लगाई, फिर भी पैदावार 80.47 लाख टन हुई।

ठाकरे सरकार को पहली चुनौती प्याज की बढ़ी कीमतें पर अंकुश लगाना है। इसके लिए बुधवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में कैबिनेट मंत्री यह मुद्दा उठाएंगे।

लासलगांव मंडी में रोज 10,000 से 20,000 क्विंटल प्याज आती है, लेकिन मंगलवार को करीब 3,500 से 4,000 क्विंटल प्याज आई। इसकी कीमत 8,000 से 8,500 रुपये प्रति क्विंटल रही। प्याज की नई खेप आने से जल्द ही रेट गिरेंगे।

- जयदत्त होलकर, डायरेक्टर, लासलगांव प्याज मंडी

## राकांपा नेता मुंडे की उद्धव ठाकरे से मांग...

# भीमा कोरेगांव हिंसा में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस हो

## भाजपा सरकार ने शहरी नक्सली का ठप्पा लगाया: मुंडे

**मुंबई।** वरिष्ठ राकांपा नेता और विधायक धनंजय मुंडे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर पुणे में भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की है। मुंडे की यह मांग महाराष्ट्र सरकार की तरफ से नानर परियोजना और आरे जंगल मामले में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने के निर्णय के बाद सामने आई है। मंगलवार को राज्य सरकार ने नानार परियोजना और आरे जंगल में आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के लिए समिति भी गठित कर दी। हालांकि, इस मामले में मंत्री जयंत पाटिल ने कहा, हम सभी मामलों को वापस नहीं कर रहे हैं। हम केवल गैर संज्ञेय अपराधों के बारे में बात कर रहे हैं, जो आम लोगों पर दर्ज



हुए हैं। पुणे के भीमा कोरेगांव में 1 जनवरी 2018 को हिंसा भड़क गई थी। यह हिंसा 31 दिसंबर 2017 को एलगार परिषद की तरफ से आयोजित किए गए कार्यक्रम के बाद भड़की थी। इसमें एक युवक की जान चली गई थी। कई घायल हुए थे। सरकारी संपत्ति का भी काफी नुकसान हुआ था। पत्र में मुंडे ने दावा किया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत अन्य प्रदर्शनकारियों के खिलाफ फडणवीस सरकार ने 'झूठे' केस दर्ज किए। जिसने भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें शहरी नक्सली बताया गया। मुंडे से पहले राकांपा के एक और विधायक जितेंद्र अव्हाड़ ने भी मुख्यमंत्री से भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार आरोपियों को रिहा करने की मांग की थी।

**उद्धव ने कहा-पूर्व सरकार ने जारी किए आदेश:** वहीं, इस मामले में उद्धव ठाकरे ने कहा, पूर्व की सरकार ने पहले से ही भीमा कोरेगांव हिंसा में जिन लोगों के खिलाफ गैर-गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे, उन्हें वापस लेने का आदेश जारी किया था। मैं यह पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं कि वास्तव में कितने केस वापस लिए गए।

**शहरी नक्सली बताकर हुई थी गिरफ्तारी:** महाराष्ट्र पुलिस ने भीमा कोरेगांव हिंसा मामले की जांच में 5 लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच में उन्हें 'अर्बन नक्सली' बताया था। इनमें वेरनॉन गोंसाल्विज, अरुण फरेरा, सुधा भारद्वाज, वरवर राव और गौतम नवलखा शामिल थे। इस मामले में जांच आगे बढ़ी और 5 अन्य लोग जिनमें शोमा सेन, सुरेंद्र गडलिंग, महेश राउत, रोना विल्सन और सुधीर धवले शामिल को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

## कुर्ला में 6 साल की बच्ची संग दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार, गंभीर हाल में हॉस्पिटल में भर्ती

**मुंबई।** कुर्ला इलाके में एक 6 साल की बच्ची संग दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पीड़ित के परिजनों की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किया है। फिलहाल मासूम अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वारदात तब हुई जब लड़की शाम को खेलने के लिए बाहर गई थी। शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने मंगलवार (3 दिसंबर) को अपने परिवार को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद संबंधित धाराओं के तहत



विनोबा भावे पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था। इससे पहले राजस्थान के टोंक जिले में दो दिन पहले एक 6 साल की मासूम से रेप के बाद उसकी गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव रविवार को बबूल की घनी झाड़ियों में पड़ा मिला। बक्सर में भी एक युवती के बलात्कार और हत्या की वारदात सामने आई है। युवती का बलात्कार करने के बाद उसे गोली मारी गई और उसके बाद उसे जला दिया गया। अब महाराष्ट्र में एक 6 साल की मासू के साथ दरिंदगी की गई है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### गैस टैंकर खाली करते समय सिरेमिक फैक्ट्री में धमाका

इससे पहले मंगलवार को दूतावास ने हादसे में 16 भारतीयों के लापता होने की जानकारी दी थी। खबर के मुताबिक फैक्ट्री में सुरक्षा उपकरण भी नहीं थे, जिस वजह से आग तेजी से फैली। स्थानीय न्यूज एजेंसी के अनुसार फैक्ट्री में गैस टैंकर खाली करते वक्त यह हादसा हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया- सूडान की राजधानी खार्तूम के बाहरी इलाके स्थित सिरेमिक फैक्ट्री में धमाका होने की दुखद खबर मिली। यह जानकर दुख हुआ कि कुछ भारतीय मजदूरों ने भी जान गंवा दी। दूतावास के प्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए हैं। 24 घंटे इमर्जेंसी हॉटलाइन नंबर +249-921917471 जारी कर दिया गया है। दूतावास सोशल मीडिया पर भी अपडेट दे रहा है। हमारी प्रार्थना मजदूरों और उनके परिवारों के साथ है। सूडान सरकार ने कहा- औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में गैस टैंकर को खाली करते समय धमाका हुआ। इसका कारण वहां मौजूद अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ को सही ढंग से नहीं रखा जाना और सुरक्षा उपकरणों का अभाव था। आग लगने के कारणों की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। कमेटी यह भी पता लगाएगी कि हादसे को कैसे रोका जा सकता था। दूतावास ने कहा- कुछ लापता नागरिक भी मृतकों की सूची में शामिल हो सकते हैं। 7 भारतीय अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर है। 34 भारतीय नागरिक सही सलामत हैं। सभी को सलूमी सिरेमिक फैक्ट्री में भेजा गया है।

### चिदंबरम को जमानत

चिदंबरम ने इस आदेश को चुनौती दी थी, शीर्ष अदालत उन्हें भ्रष्टाचार मामले में भी बेल दे चुकी है। जस्टिस आर भानुमति की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि चिदंबरम कोर्ट के आदेश के बिना देश से बाहर नहीं जा सकते हैं। उन्हें बेल बॉन्ड के रूप में 2 लाख रुपए जमा कराने होंगे। चिदंबरम भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 106 दिन से तिहाड़ जेल में बंद थे। 21 अगस्त को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी के करीब 2 महीने बाद उन्हें बेल मिली थी। लेकिन इसके तुरंत बाद ईडी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दोनों ही केस में जमानत के बाद चिदंबरम जेल से रिहा हुए। हाईकोर्ट में 15 नवंबर को सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया था कि चिदंबरम जेल में रहने के बावजूद गवाहों को प्रभावित कर रहे हैं। दूसरी तरफ चिदंबरम ने कहा था कि जांच एजेंसी आधारहीन आरोप लगाकर उनका करियर और प्रतिष्ठा बर्बाद नहीं कर सकती। इस पर हाईकोर्ट ने कहा था कि इसमें कोई शक नहीं है कि जमानत लेना उनका अधिकार है, लेकिन अगर ऐसे मामले में जमानत दी गई तो यह बड़े पैमाने पर लोगों के हितों के खिलाफ होगा, क्योंकि आरोप गंभीर प्रवृत्ति के हैं। आईएनएक्स मीडिया को 305 करोड़ का फायदा पहुंचाने के मामले में सीबीआई ने 10 साल बाद मई 2017 में चिदंबरम के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने भी उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। फिर सीबीआई ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में उन्हें 21 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में करीब 2 महीने बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। इसके बाद 16 अक्टूबर को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

### सरकार से पहले डब्बावाले खिलाएंगे 10 रुपये में भरपेट भोजन

वहीं, मुंबई में प्रतिदिन लाखों लोगों को उनके ऑफिस में भोजन उपलब्ध कराने वाले डब्बावाले सरकार से पहले लोगों को 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराएंगे। मुंबई डब्बावाला असोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तलेकर ने बताया कि चुनाव में हमने शिवसेना का समर्थन किया था। अब उद्धव ठाकरे राज्य के मुख्यमंत्री बन गए हैं, इसलिए हमने मुंबई में पहला अन्न वितरण केंद्र शुरू करने का फैसला किया है, जहां लोगों को 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। मुंबई के डब्बावालों पर पीएचडी कर चुके डॉ.पवन अग्रवाल ने अपनी विक्रोली के टैगोर नगर स्थित जमीन डब्बावालों को मुफ्त में देने की बात कही है। यहां हम लोगों को दोपहर में 12 से 2 बजे तक और रात में 7 से 9 बजे के बीच 10 रुपये में भरपेट भोजन खिलाएंगे। तलेकर ने बताया कि सेंटर तक नहीं पहुंच पाने वाले विक्रोली के बुजुर्गों के लिए भी योजना बनी है। ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को उचित दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जो हमारे सेंटर तक आने में असमर्थ हों और जिन्होंने ऑर्डर दिए हों। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर तक यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। इसमें क्या कुछ बदलाव हो सकता है, इस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।









# शरद पवार के खुलासे पर शिवसेना का भाजपा पर निशाना

## सामना में लिखा-सेठ, ये क्या है! पवार को ऑफर

**शिवसेना** ने 'सामना' अखबार में 'सेठ, ये क्या है! पवार को ऑफर' नाम से लिखी संपादकीय में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार और सहयोगी दल कांग्रेस की तारीफ करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। शिवसेना ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति उत्तर से दक्षिणी ध्रुव तक पहुंच चुकी है, लेकिन इस यात्रा में भारतीय जनता पार्टी का जो मजाक बना, उसकी मजेदार कहानियां अब बाहर आने लगी हैं। शिवसेना का मुख्यमंत्री न बनने पाए या शिवसेना के नेतृत्व में महाराष्ट्र की सरकार न बनने पाए, इसके लिए परदे के पीछे से जो निर्देशन जारी था। उस नाटक की असलियत शरद पवार ही सामने लाए हैं।

### शरद पवार ने यह किया था खुलासा

राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को एक स्थानीय चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ काम करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया था। पवार ने कहा था- मोदी ने मुझे साथ काम करने का प्रस्ताव दिया था। मैंने उनसे कहा कि हमारे निजी रिश्ते बहुत अच्छे हैं और यह हमेशा उसी तरह रहेंगे। लेकिन, मेरे लिए साथ काम कर पाना संभव नहीं होगा। पवार ने इन खबरों को दरकिनार कर दिया कि मोदी सरकार ने उन्हें राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, पवार ने यह कहा कि उनकी बेटी सुप्रिया सुले को मोदी कैबिनेट में जगह दिए जाने का प्रस्ताव दिया गया था।



शिवसेना ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति उत्तर से दक्षिणी ध्रुव तक पहुंच चुकी है, लेकिन इस यात्रा में भारतीय जनता पार्टी का जो मजाक बना

### शिवसेना ने सामना में लिखा...

- शरद पवार झुके नहीं, कांग्रेस ने भी परिपक्वता दिखाई वहीं दूसरी ओर शिवसेना दबाव तंत्र की परवाह न करते हुए अपनी बात पर अटल रही। शरद पवार ने कई खुलासे किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवार को ऑफर दी थी कि महाराष्ट्र में बीजेपी के साथ सरकार बनाओ। पीएम का कहना था कि हमें खुशी होगी। हम दोनों साथ होंगे तो कुछ भी कर सकते हैं। आपके अनुभव की देश को जरूरत है। इस अनुभव का फायदा लेने के लिए महाराष्ट्र में मिलकर सरकार बनाने और केंद्र में मंत्री पद की बड़ी ऑफर दी गई थी, लेकिन शरद पवार ने उसे अस्वीकार कर दिया। इसका सीधा मतलब है कि हर हाल में शिवसेना के साथ नाता तोड़ना ही था। ये हिंदुत्व आदि की जो बातें की जाती हैं वे सब व्यर्थ हैं।'
- शिवसेना को पहले झुकाओ और नहीं झुकने पर उसे दूर करने की नीति पहले से ही तय कर ली गई थी। शिवसेना की पीठ में खंजर घोंपना ही था और उसकी 'पटकथा' तैयार ही थी। इसके लिए शरद पवार के अनुभव का फायदा देश को दिलानेवालों को ये पहले क्यों नहीं सूझा? ये भी सवाल ही है। खास बात है कि श्री पवार की पार्टी से ५४ विधायकों के चुने जाने के बाद पवार के अनुभव का साक्षात्कार हुआ।
- चुनावी प्रचार में अमित शाह कहते थे, पवार ने महाराष्ट्र के लिए क्या किया? इसका उत्तर पवार ने बाद में सही तरीके से दिया। अगर अमित शाह आदि को ये शंका थी कि पवार ने क्या किया है तो उनके किस अनुभव का फायदा श्री मोदी चाहते थे? नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी मतलब 'नेचुरल करप्ट पार्टी' का दूषित प्रचार दिल्ली के भाजपा नेताओं ने किया तो ऐसी पार्टी से उन्हें किस अनुभव की 'पार्टी' चाहिए थी, ये रहस्य है।
- चुनाव के पहले शरद पवार को 'ईडी' की नोटिस भेजकर दबाव बनाया गया। प्रफुल्ल पटेल को भी जांच के लिए बुलाकर उन पर तलवार टांगी गई। सच कहें तो पटेल का यह मामला दो-तीन दशक पहले का है। लेकिन 'ईडी' ने उसे चुनाव के दौरान ढूंढ़ निकाला और उस प्रकरण का उल्लेख भाजपा नेता लोकसभा चुनाव के दौरान करने लगे। यही विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनाने की भ्रष्ट तैयारी थी। देश की जनता को ये नया अनुभव मिल रहा है। साम-दाम-दंड-भेद के बाद भी कुछ चल रहा है और इसका खुलासा पवार ने किया।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में 15,000 रु. प्रति क्विंटल बिका

# प्याज



### संसद में हंगामा

**संवाददाता**

**देश** में प्याज के बढ़ते दाम को लेकर विपक्षी दलों ने मंगलवार को केंद्र सरकार को संसद में घेरा। विपक्षी दलों ने सरकार पर प्याज के दाम में रोक लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। वहीं सरकार ने साफ कर दिया है कि पूरे देश में एक समान दाम पर प्याज मुहैया कराने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। लोकसभा में उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री रावसाहब दादाराव दाणवे ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते कहा कि प्याज के आयात में कोई देरी नहीं की गई। इससे पहले कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने मोदी सरकार पर प्याज के दाम रोक पाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। वहीं महाराष्ट्र के सोलापुर में सोमवार को प्याज 1500 रुपए प्रति क्विंटल यानी 150 रुपए प्रति किग्रा बिका। बेमौसम बारिश से उत्पादन घटा बेमौसम बारिश के कारण महाराष्ट्र में प्याज की उपज कम हुई है। इससे प्याज के दाम बढ़े हुए हैं। एशिया की सबसे बड़ी मंडी नासिक में प्याज का दाम रोज ही बढ़ रहा है।

### महाराष्ट्र की मंडी में भाव

| मंडी | दाम |
|---|---|
| सटाना | 13000 |
| बंगरुलु | 12000 |
| नामपुर | 11,900 |
| पिंपलगांव बसवंत | 11,500 |
| मालेगांव | 11,500 |

# वसोर्वा बीच पर स्वीडन के राजा और रानी ने की सफाई

## एयर इंडिया की फ्लाइट से भारत आने पर हुई थी तारीफ



**स्वीडन** के राजा कार्ल गुस्ताफ 16वें और रानी सिल्विया रिनेट सोमरलाथ मुंबई पहुंचे। बुधवार सुबह शाही जोड़े ने वर्सोवा बीच पर जाकर सफाई अभियान में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का अयोजन संयुक्त राष्ट्र अर्थ चैंपियन अफरोज शाह ने किया गया था। इसके बाद शाही दंपति और उनके साथ आया प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर लंच किया। वे गुरुवार को देहरादून के लिए रवाना होंगे। शाही दंपति 5 दिन की भारत यात्रा पर हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। स्वीडन के शाही दंपति रविवार को राजकीय विमान खराब होने की वजह से सोमवार सुबह एयर इंडिया के विमान से भारत दौरे पर पहुंचे थे। ऐसा पहली बार हुआ जब शाही जोड़े ने किसी देश की सरकारी यात्रा के लिए कमर्शियल फ्लाइट का इस्तेमाल किया। एयर इंडिया ने इसकी एक तस्वीर अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए लिखा था- हमारे लिए गर्व का पल है। इसके बाद ही स्वीडिश शाही जोड़े की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। कुछ तस्वीरों में शाही जोड़ा एयरपोर्ट पर अपने बैग भी उठाते हुए नजर आए। इन तस्वीरों को लेकर सोशल मीडिया पर पर उनकी जमकर तारीफ हुई।

## मनी लॉन्ड्रिंग: हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का पुश्तैनी फार्म हाउस और पंचकूला कोठी अटैच, ईडी की कार्रवाई

**संवाददाता**

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की तेजाखेड़ा स्थित फॉर्म हाउस में बनी पुश्तैनी कोठी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अटैच कर लिया है। ईडी अफसरों ने इसके बाहर बोर्ड लगाया है, जिस पर लिखा है- अब यह प्रॉपर्टी ईडी की है। वहीं, पंचकूला के मनसा देवी कॉम्पलेक्स सेक्टर-4 में स्थित चौटाला के बंगला नंबर 6-पी के बाहर भी ईडी ने नोटिस चस्पा किया है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई। चौटाला परिवार का फॉर्म हाउस सिरसा जिले के डबवाली में स्थित है। पूर्व सीएम देवीलाल इसी फॉर्म हाउस में रहते थे, इसके बाद पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला यहां रहे। अभी अभय सिंह चौटाला इसमें रहते हैं। ईडी ने पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के तेजाखेड़ा स्थित फॉर्म हाउस में बुधवार सुबह रेड की। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ कुछ अधिकारी भी इस दौरान फॉर्म हाउस में मौजूद थे। पुलिस ने फॉर्म हाउस के बाहर घेराबंदी की थी, ताकि कोई बाहरी व्यक्ति को अंदर न जा सके। ओमप्रकाश चौटाला राज्य के डिप्टी सीएम दुष्यंत के दादा हैं। ओमप्रकाश चौटाला और उनके बेटे अजय चौटाला शिक्षक भर्ती घोटाले में 10 साल की सजा काट रहे हैं। ओमप्रकाश चौटाला पर आय से अधिक संपत्ति का मामला भी चल रहा है।

# दूसरे की मैली कमीज दिखा खुद की उजली नहीं बता सकते?



अशोक भाटिया

**सरकार** के कुछ गलत आर्थिक निर्णयों के चलते आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहद मंदी के नाजुक दौर से गुजर रही है। देश में स्थिति यह हो गयी है कि भारतीय बाजार पर उसका दुष्प्रभाव अब आंकड़ों की बाजीगरी के बाद भी छिपाया नहीं जा सकता है। लेकिन फिर भी ना जाने क्यों देश के नीति-निमार्ता स्थिति की गम्भीरता को अब भी समझने के लिए तैयार नहीं हैं, वो इस हालात को या तो जानबूझकर समझने के लिए तैयार नहीं हैं या यह भी हो सकता है कि उनकी टीम में शामिल लोग अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाले ठोस कारकों को पकड़ नहीं पा रहे हों। खैर अर्थव्यवस्था कितनी भी खस्ताहाल बेहाल हो, लोगों को बेशक रोजगार ना मिल रहा हो, इससे हमारे देश के चंद ताकतवर राजनेताओं पर कुछ असर नहीं पड़ता है वो अब भी लोगों को बरगला के हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद में उलझा कर भीड़तंत्र का बेहुदा माहौल बनाने में व्यस्त हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि वो भारत जैसे विकासशील देश की तुलना बात-बात में हर मोर्चे पर असफल पाकिस्तान से करके भारतीय जनसमूह से खूब तालियां बटोरते हैं। इसके पहले वो यह भूल जाते है कि दूसरे की मैली कमीज दिखा खुद की उजली नहीं बता सकते ?वर्तमान में उच्च जीएसटी दरें, कृषि क्षेत्र में संकट, वेतनभोगियों के वेतन में कमी और नकदी की कमी आदि कारणों की वजह से देश को भारी मंदी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अर्थशास्त्रियों के अनुसार उपभोग में भारी मंदी के रुझान, जीडीपी विकास दर में लगातार गिरावट का सबसे प्रमुख कारण है। जिसके चलते भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ ऑटोमोबाइल, पूंजीगत वस्तुएं, बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और रियल एस्टेट आदि सहित देश के सभी प्रमुख सेक्टरों में भारी गिरावट आई है, जोकि अर्थव्यवस्था में मंदी का माहौल पैदा कर रहे हैं।

लेकिन फिर भी अपनी हठधर्मिता वाली नीति के चलते अब भी सरकार में बैठे कुछ लोग स्थिति को सामान्य बता रहे हैं। इस स्थिति में कहा जा सकता है कि देश की अर्थव्यवस्था की सरकार जितनी गुलाबी तस्वीर पेश कर रही है, हकीकत में धरातल पर हालात सामान्य नहीं हैं। इस स्थिति के लिए वजह चाहे जो भी हो लेकिन सरकार को चाहिए कि वो तत्काल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सही नीतियों की संजीवनी बूटी की ताकतवर डोज प्रदान कर, इस गम्भीर बीमारी का उपचार कर संकटग्रस्त देशवासियों को राहत प्रदान करे क्योंकि आजकल आर्थिक स्थिति को लेकर जमीन स्तर पर जो स्थिति बनती जा रही है वो देशहित में व आम जनमानस के हित में ठीक नहीं है। अब लोगों से उनका रोजगार छिनने लगा है जिससे आमजन को भारी दिक्कत होने लगी है, जिसके चलते लोगों को लगने लगा है कि सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूर्ण रूप से विफल है और स्थिति उनके नियंत्रण से दिनप्रतिदिन बाहर होती जा रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# संविधान पर संकट, जीडीपी जीरो और देश का विकास ठप: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आज देश के हालात ठीक नहीं है। धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने का काम हो रहा है। असमानता बढ़ती जा रही है। संविधान पर संकट है, संस्थाओं पर भरोसा कम हो रहा है, उन पर नियंत्रण किया जा रहा है। जीडीपी जीरो है, विकास ठप है।

अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित अधिवक्ता दिवस समारोह भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया और 20 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। उन्होंने अधिवक्ताओं में ऊर्जा और जागरूकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहयोग मिले बिना सफलता नहीं मिलती है। जब वे तय कर लेंगे कि बदलाव लाना है तो वर्ष 2022 में अवश्य परिवर्तन दिखाई देगा।



एसपी मुखिया ने कहा कि सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार अपना काम नहीं कर रही है। बच्चों को स्वेटर नहीं मिले, मिड-डे मील में बाल्टी भर पानी में एक लीटर दूध मिलाकर बांटा गया, बच्चों को नमक रोटी परोसी गई और इसकी खबर छापने वाले पत्रकार को जेल भेजा गया। एक उद्योगपति ने सच बोला कि लोग डर रहे हैं, देश डर रहा है। इस हाल में जिसकी वजह से डर पैदा हुआ है, उसके जाने पर ही डर दूर होगा।

# यूपी कैबिनेट: लखनऊ नगर निगम में 88 और गांव जोड़ने को मंजूरी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ नगर निगम के सीमा विस्तार को मंजूरी दे दी है। इससे निगम की सीमा में 88 और गांव जुड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट ने कुल 34 प्रस्तावों पर मुहर लगाई।

नए गांवों के शामिल होने से नगर निगम की सीमा में 258 वर्ग किमी का इजाफा हो जाएगा। इससे निगम की आय बढ़ेगी, क्योंकि ये गांव भी अब हाउस टैक्स समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं पर लगने वाले टैक्स के दायरे में आएंगे। साथ ही इन गांवों में भी सीवर, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सड़कों जैसी सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा।


कैबिनेट ने यूपी मान्यता प्राप्त बेसिक स्कूल (जूनियर हाईस्कूल) नियमावली 1978 में संशोधन का भी हरी झंडी दे दी है। अब इन स्कूलों में बेसिक स्कूलों की तरह ही शिक्षकों की भर्ती होगी। अभ्यर्थी को पहले टीईटी पास करना होगा। इसमें सफल अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा में बैठेंगे। इसके अंकों के आधार पर अंतिम भर्ती होगी।

# रोहिणी में एक कार में मिला महिला और पुरुष का शव, दोनों को गोली लगी

**नई दिल्ली।** राजधानी के रोहिणी इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक कार में पुलिस ने एक महिला और पुरुष के शव बरामद किए हैं। दोनों गोली लगने बात कही जा रही है। रोहिणी डीसीपी एसडी मिश्रा ने कहा कि आज सुबह ही कार में महिला और पुरुष का शव मिला है। उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है कि पुरुष ने पहले अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से महिला को गोली मारी और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

हालांकि अभी तक इस मौत के कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। डीसीपी का कहना है कि अभी मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

# टीएसपीसी ने यूपी के राजभवन को उड़ाने की दी धमकी, बढ़ा दी गई सुरक्षा




**लखनऊ।** झारखंड के नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) ने यूपी राजभवन को डायनामाइट से उड़ाने की धमकी दी है। राजभवन में धमकी भरा पत्र मिलने के बाद राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव हेमंत राव ने इस संबंध में गृह विभाग को पत्र लिखकर जानकारी दी। इसके बाद अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने डीजीपी ओपी सिंह, डीजी इंटेलिजेंस भवेश कुमार सिंह और एडीजी सुरक्षा दीपेश जुनेजा से इस मामले में बुधवार तक रिपोर्ट मांगी है।

राजभवन को भेजे गए धमकी भरे पत्र में लिखा गया है कि अगर राज्यपाल ने 10 दिनों के अंदर राजभवन नहीं छोड़ा तो उसे डायनामाइट से उड़ा दिया जाएगा। पत्र मिलते ही राजभवन के अधिकारी सक्रिय हो गए। सुरक्षा इंतजामों को परखने के साथ ही अपर मुख्य सचिव गृह को मामले की जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित एजेंसियों को मामले की पड़ताल पर लगा दिया गया है। पूरे मामले पर डीजीपी, डीजी इंटेलिजेंस व एडीजी सुरक्षा से बुधवार तक रिपोर्ट भी मांगी गई है। बताया जा रहा है कि राजभवन की सुरक्षा व्यवस्था को इस पत्र के बाद बढ़ा दिया गया है। राजभवन के आसपास सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों और खुफिया विभाग के लोगों को तैनात कर दिया गया है। अब धमकी भरा पत्र मिलने के बाद राजभवन के साथ ही राज्यपाल की सुरक्षा की भी समीक्षा की जा रही है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पदभार संभालने के बाद अपनी सुरक्षा को घटाने की बात कही थी। उनके कहने पर सुरक्षा की समीक्षा हुई थी और सुरक्षाकर्मियों की संख्या घटा दी गई थी। नक्सली संगठन टीएसपीसी लगातार झारखंड में सक्रिय है। चुनाव के दौरान उसकी सक्रियता और बढ़ गई है। नौ नवंबर को झारखंड पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर निशांत को उसके सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। इससे पहले दो नवंबर को टीएसपीसी के एरिया कमांडर मोहन गंझू को मुठभेड़ में मारा गया था।

# लालू इस बार जेल में रहते हुए फिर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

**पटना।** चारा घोटाला मामलों में सजा काट रहे राजद के संस्थापक लालू प्रसाद मंगलवार को लगातार 11वीं बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। पटना स्थित राजद मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने मंगलवार की शाम लालू को राजद का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किए जाने की घोषणा की। गगन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू जी की ओर से उनके दोनों पुत्रों द्वारा संयुक्त रूप से चार सेट में नामांकन दाखिल किया गया। हर सेट में 10-10 यानि कुल 40 पार्टी नेताओं ने प्रस्तावक के तौर पर हस्ताक्षर किया था। जांच के बाद सारे सेट सही पाए गए। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए मात्र एक नामांकन होने के कारण लालू प्रसाद के निर्विरोध चुने जाने की अधिसूचना जारी की गई। लालू के निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा 10 दिसंबर को होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में की जाएगी। वर्ष 1997 में राजद की स्थापना के बाद यह पहला मौका था जब



लालू प्रसाद की गैरमौजूदगी में उनका नामांकन पत्र उनके प्रतिनिधियों द्वारा दाखिल किया गया। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव कांति सिंह और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जैसे शीर्ष नेताओं के अलावा विधायक और राजद सुप्रीमो के विश्वासपात्र माने जाने वाले भोला यादव भी मौजूद थे। ऐसी चर्चा है कि पारिवारिक कलह रोकने के लिए चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में रांची के एक अस्पताल में इलाजरत लालू को फिर से अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया। ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के साथ-साथ परिवार के अंदर के मतभेद को रोकने के लिए लालू ने स्वयं ही राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहने का फैसला लिया। लालू के राजद का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने ट्वीट कर कटाक्ष किया "बिहार एक हजार करोड़ के जिस चारा घोटाला के कारण देश भर में शर्मसार हुआ, उसमें लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को अब तक चार मामलों में दोषी पाकर सजा सुनायी जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सजायाफ्ता होने के कारण जो व्यक्ति मुखिया तक का चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित है, उसे एक पार्टी 11वीं बार अपना अध्यक्ष चुन रही है। सुशील ने लालू पर कटाक्ष करते हुए कहा "उन्होंने जेल से इस बार शीर्ष पद के लिए नामांकन की सारी प्रक्रिया पूरी की और समर्थकों ने महाभ्रष्टाचार के दोषी व्यक्ति के ऐसा करने को इस तरह बयां किया जैसे वे किसी नेक काम के लिए दंडित किए गए हों।

# 15 से यमुना एक्सप्रेसवे पर 80 से तेज न चलाएं कार

**ग्रेटर नोएडा।** कोहरे में हादसे की आशंका को देखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर स्पीड लिमिट कम की गई है। 15 दिसंबर से 15 फरवरी कार की स्पीड 80 किमी प्रति घंटे अधिकतम रखनी होगी। इस दौरान बड़े वाहनों को 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जाना होगा। नियम तोड़ने पर चालान किया जाएगा।

यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस बारे में जेपी इंफ्राटेक कंपनी के अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। छोटे वाहनों की स्पीड 100 से घटाकर 80 किमी प्रति घंटे की गई है। इसी तरह बड़े वाहनों की स्पीड 80 से घटाकर 60 किमी प्रति घंटे की गई है। एक्सप्रेसवे पर कई जगह बोर्ड लगाकर भी लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी जाएगी। हालांकि अभी से आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे पर देर रात से सुबह तक कोहरा रहता है। दृश्यता कम होने की वजह से इस मौसम में यहां कई हादसे हो चुके हैं।

# दिल्ली की इन रोमांटिक जगहों पर जाकर इस सर्दी को बनाएं खास

*रिश्ते को स्ट्रॉन्ग करने का सबसे अच्छा और आजमाया हुआ तरीका है, पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताना। सर्दी में अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक जगह पर जाकर डिनर करने और समय बिताने से अच्छा कुछ नहीं हो सकता है। यहां दिल्ली और उसके आसपास रहने वाले लोगों के लिए पांच डेस्टिनेशन्स सजेस्ट कर रहे हैं।*

**कनॉट प्लेस, दिल्ली**
पार्टनर के साथ शॉपिंग करना है, घूमना है, रोमांटिक डिनर करना है, इस सबके लिए कनॉट प्लेट परफेक्ट जगह है। यहां आपको वो हर चीज मिलेगी जिससे आप अपने पार्टनर का दिन सुपर रोमांटिक बना दें।

**दिल्ली हाट, आईएनए**
इस जगह को आप मिनी इंडिया भी कह सकते हैं। यहां हर स्टेट का एक फूड स्टॉल है। समय-समय पर अलग-अलग राज्यों के स्टाल लगते हैं। साथ ही हैंडमेड चीजें और क्राफ्ट वर्क के लिए आ सकते हैं।




**गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज, साकेत**
20 एकड़ में फैला गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज 2003 में खुला था। यह जगह भी साकेत मेट्रो स्टेशन से कुछ किलो मीटर की दूरी पर ही है। यहां बहुत से खाने-पीने के स्टॉल हैं। यहां की खुली हवा में आप भी खुलकर अपने दिल की बात कर सकते हैं।

**हौज खास विलेज**
अगर आपको और आपके साथी को हरियाली से प्यार है तो यह जगह आपको जरूर पसंद आएगी। यह जगह अपने में कई चीजों को समेटे हुए है। यह आधुनिकता और इतिहास का अच्छा मेल है। यहां के फूड ज्वाइंट्स तो पूरी दिल्ली में मशहूर हैं।

**महरौली आर्कियोलॉजिकल साइट**
आप दिल्ली या इतिहास को लेकर उत्सुक रहते हैं तो महरौली आर्कियोलॉजिकल साइट जरूर जाएं। इस जगह के बारे में जानने के दौरान यहां के पार्क में लॉन्ग वॉक पार्टनर के साथ आपकी बॉन्डिंग बढ़ाने का मौका देगी।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
खानपान नियंत्रित व संतुलित रखें। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह**
बैसा आने से पहले ही जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**धनु**
क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें। मित्रों पर आंख बंद कर विश्वास न करें। भूमि, भवन के कार्यों के सिलसिले में यात्रा हो सकती है।

**वृष**
जरुरी न हो तो यात्रा व निवेश न करें। मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी। साथी व सहयोगी पूर्ण मदद करेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता।

**कन्या**
वरिष्ठजनों का साथ हितकारी रहेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क हो सकता है। कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

**मकर**
बुद्धि व विवेक से महत्वपूर्ण मसले सुलझाएंगे। कार्य के प्रति आपका दृष्टिकोण रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ रुझान बढ़ेगा।

**मिथुन**
आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रह सकती है। आर्थिक पक्ष बेहतर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
रुके अधूरे कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। कामकाज में ईमानदारी पसंद करेंगे। समाज के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**कुंभ**
जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। राजकीय कार्यों में सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आमोद प्रमोद में समय व्यतीत करेंगे। निवेश लाभदायक।

**कर्क**
संतान की गतिविधियां चिंता का कारण बन सकती हैं। आय व्यय का संतुलन बनाकर कार्य करें। नकारात्मकता को अपने हावी न होने दें।

**वृश्चिक**
अचानक विपरीत हुई परिस्थितियों से मन दुखी हो सकता है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। पड़ोसियों से कुछ मतभेद हो सकते हैं।

**मीन**
संतान की ओर से उत्साहवर्धक समाचार मिल सकता है। पिता का प्रेम व सहयोग मिलेगा। आध्यात्म व दर्शन के प्रति रुचि बढ़ेगी। यात्रा टालें।

# नगालैंड का हॉर्नबिल फेस्टिवल हुआ शुरू, जीरो बेस्ट का है लक्ष्य

नगालैंड के फेमस हॉर्नबिल फेस्टिलव की शुरूआत गत एक दिसंबर हो गई। हॉर्नबिल फेस्टिवल एक सालाना उत्सव है जिसका आयोजन कोहिमा से 12 किलोमिटर दूर स्थित नगा हेरिटेज गांव किसामा में राज्य पर्यटन विभाग करता है। दस दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिबल की तैयारी में नगालैंड पर्यटन विभाग और राज्य के अन्य सम्बद्ध विभागों समेत आदिवासी संगठन काफी समय से लगे हुए थे। इस बार सरकार ने इस फेस्टिवल को क्लीन फेस्टिवल (जीरो वेस्ट और बगैर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किए) के रूप में मनाने का फैसला किया है।

जानकारी के अनुसार, नगालैंड के 17 प्रमुख जनजातियों और पूर्वोत्तर के लोकप्रिय कलाकारों के अलावा हंगरी और थाईलैंड के ग्रूप भी इस बार फेस्टिबल में परफॉर्म करेंगे। इसके अलावा इस साल सांस्कृतिक परफॉर्मेंस के साथ माउंट टियोजुवु और जूखू वैली में ट्रेकिंग और हाईकिंग, वर्ल्ड वॉर-कक रैली, मीमा में एक पत्थर खींच प्रतियोगिता, कोहिमा में एक हेरिटेज वॉक को भी हॉर्नबिल फेस्टिवल का हिस्सा बनाया गया है।

राज्य पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग के सलाहकार खेहोवी येपुथोमी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि 10 दिनों तक चलने वाला यह फेस्टिवल नगा हेरिटेज



विलेज किसामा के साथ कोहिमा, मोकोकचुंग, दीमापुर, फेक और वोखा जिले में भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा कई राज्यों के पर्यटन मंत्री नगालैंड के राज्यपाल की मेजबानी में होने वाले इस फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। वहीं पर्यटन निदेशक अखले वी. खाम ने बताया कि प्लास्टिक-फ्री वातावरण सुनिश्चित करने और जागरूकता फैलाने करने के लिए यह फेस्टिवल सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का गवाह बनेगा। पर्यटन विभाग ने आदिवासी निकायों से भी अनुरोध किया है कि वे अपना सहयोग दें।

# लारा से मिलकर बोले वॉर्नर, 400 रन का रेकॉर्ड तोड़ने का मिलेगा एक और मौका



**ऐडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का मानना है कि यहां पाकिस्तान के खिलाफ चूकने के बाद उन्हें ब्रायन लारा के टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च 400 रन के स्कोर को पीछे छोड़ने का एक और मौका मिलेगा। शनिवार को वॉर्नर जब 335 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे, तब कप्तान टिम पेन ने पारी घोषित करने का फैसला किया। व्यावसायिक हितों के कारण उस समय ऐडिलेड में मौजूद लारा वॉर्नर के उनका रेकॉर्ड तोड़ने की स्थिति में उनसे मिलने और उन्हें बधाई देने की तैयारी तक कर रहे थे।

वॉर्नर हालांकि बाद में लारा से मिले और उन्होंने वेस्ट इंडीज के इस महान बल्लेबाज के साथ बुधवार को तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की।

वॉर्नर ने पोस्ट में कहा, ‘महान खिलाड़ी से मिलना शानदार रहा। शायद एक दिन मुझे उनके 400 रन को पीछे छोड़ने का एक मौका और मिलेगा।’ इससे पहले लारा ने भी कहा था कि उन्हें लगता है कि वार्नर भविष्य में यह उपलब्धि हासिल करेंगे। लारा ने दो बार सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर का रेकॉर्ड तोड़ा। पहले उन्होंने 1994 में इंग्लैंड के खिलाफ 375 रन बनाकर सोबर्स के 365 रन के 36 साल पुराने रेकॉर्ड को तोड़ा। इसके बाद 2004 में उन्होंने अपने ही रेकॉर्ड में सुधार करते हुए नाबाद 400 रन बनाए थे।

# भारत के खिलाफ हम 'अंडरडॉग' पर कुछ भी संभव : पोलार्ड




**नई दिल्ली।** वेस्ट इंडीज के कप्तान कायरन पोलार्ड ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ अंडरडॉग माना और कहा कि उनकी टीम शुक्रवार से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए बेसिक्स पर ध्यान देगी।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार पोलार्ड ने कहा, हमारा सामना एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी से है और हम अंडरडॉग रहेंगे और यह सही है लेकिन यह अपनी प्रतिभा पर विश्वास करने और रणनीति पर अमल करने से जुड़ा है और जब आप ऐसा करते हैं तो कुछ भी संभव है। उन्होंने कहा, कुछ विभाग हैं जिनमें सुधार की जरूरत होती है और जब आप ऐसा करते हैं तो अधिकतर आपको अनुकूल परिणाम मिलता है।

मौजूदा आईसीसी टी20 चैंपियन वेस्ट इंडीज तीन टी20 मैचों की सीरीज से अपने दौरे की शुरूआत करेगा जिसका पहला मैच छह दिसंबर को हैदराबाद में खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा मैच 8 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। 11 तारीख को सीरीज का तीसरा मैच मुंबई में होगा। इसके बाद तीन वनडे इंटरनैशनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 15 दिसंबर को चेन्नै में खेला जाएगा। 18 तारीख को विशाखापत्तनम दूसरा वनडे इंटरनैशनल और कटक में 22 दिसंबर को वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला होगा।

वेस्ट इंडीज की टीम ने हाल ही में वनडे सीरीज में अफगानिस्तान को मात दी है और विंडीज की कप्तान पोलार्ड का कहना है कि वह टीम के प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, 'अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज हमारे खिलाड़ियों ने काबिले तारीफ प्रदर्शन किया। इससे हमें भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।' भारत और वेस्ट इंडीज के बीच हुए 14 टी20 इंटरनैशनल मुकाबलों में से भारत ने 8 मैच जीते हैं और पांच में वेस्ट इंडीज टीम ने जीत हासिल की है। वहीं एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकाला।

# ये हैं आईपीएल 2020 के सबसे महंगे खिलाड़ी

**नईदिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सीजन के 19 दिसंबर को कोलकाता में खिलाड़ियों की नीलामी होनी है। आइपीएल 2020 के लिए होने वाले ऑक्शन में सैकड़ों खिलाड़ी शामिल होंगे। आइपीएल की मौजूदा 8 टीमें करीब 75 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ेंगी, लेकिन भारत के मौजूदा चार खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी सैलरी इस बार सबसे ज्यादा रहने वाली है। टॉप 4 की बात करें तो इसमें युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत भी शामिल हैं।

दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर यानी आरसीबी के कप्तान विराट कोहली, मुंबई इंडियंस को चार बार खिताब जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा, चेन्नई सुपर किंग्स को तीन बार चैंपियन बनाने वाले कप्तान महेंद्र सिंह धौनी और दिल्ली कैपिटल्स के लिए तूफान मचाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत टॉप 4 में शामिल हैं, जिन्हें आइपीएल 2020 के लिए सबसे ज्यादा रकम मिलने वाली है। हैरान करने वाली बात ये है कि विराट कोहली बाकी तीन खिलाड़ियों से दो करोड़ रुपये ज्यादा इस आइपीएल सीजन के लिए लेंगे।

आपको बता दें, आरसीबी ने विराट कोहली को 17 करोड़ रुपये में इस सीजन के लिए रिटेन किया है। वहीं, मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को 15 करोड़ रुपये की राशि में आइपीएल 2020 के लिए रिटेन किया है, जबकि एमएस धौनी एक बार फिर सीएसके की कप्तानी करेंगे, जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी ने 15 करोड़ में अपनी टीम के साथ जोड़े रखा है। उधर, रिषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी इस सीजन के लिए 15 करोड़ रुपये देगी, क्योंकि दिल्ली की टीम ने फिर से रिषभ पंत को रिटेन किया है। विराट कोहली को आरसीबी देगी 17 करोड़ रुपये, रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस देगी 15 करोड़ रुपये, एमएस धौनी को चेन्नई सुपर किंग्स देगी 15 करोड़ रुपये, रिषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स देगी 15 करोड़ रुपये।

# विश्व कप हारने के बाद भी न्यूजीलैंड टीम को मिला अवॉर्ड

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को जुलाई में लॉर्ड्स के मैदान पर आइसीसी विश्व कप फाइनल में विवादास्पद हालात में हार के बाद शानदार खेल भावना दिखाने के लिए क्रिस्टोफर मार्टिन-जेनकिंस स्पिरिट ऑफ क्रिकेट पुरस्कार से नवाजा गया। केन विलियमसन और उनकी टीम उस समय विश्व कप खिताब जीतने से चूक गए जब इंग्लैंड ने ओवरथ्रो पर दिए गए विवादास्पद छह रन की बदौलत खिताबी मुकाबले को सुपर ओवर में खींचा और फिर सुपर ओवर भी टाई रहने पर ज्यादा बाउंड्री लगाने के आधार पर पहली बार विश्व खिताब अपने नाम किया। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच हैमिल्टन के सेडन पार्क में ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान मेजबान टीम को यह पुरस्कार दिया गया। श्रीलंकाई टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और मेरिलबोन क्रिकेट क्लब अध्यक्ष कुमार संगकारा ने न्यूजीलैंड की टीम की तारीफ करते हुए कहा, न्यूजीलैंड की टीम इस पुरस्कार की हकदार है।

# फेडरर के सम्मान में स्मारक चांदी का सिक्का जारी

**बर्न (स्विट्जरलैंड)।** टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर स्विट्जरलैंड में पहले ऐसे जीवित व्यक्ति होंगे, जिनके सम्मान में चांदी का स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा। स्विट्जरलैंड की संघीय टकसाल स्विसमिंट ने फेडरर के सम्मान में उनकी छवि के साथ एक 20 फ्रैंक का चांदी का सिक्का बनाया है। इतिहास में यह पहली बार है, जब स्विसमिंट ने किसी जीवित व्यक्ति के सम्मान में चांदी का स्मारक सिक्का जारी किया है।

स्विसमिंट ने एक बयान में कहा, 'फेडरल मिंट स्विसमिंट रोजर फेडरर को समर्पित करता है। इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब एक जीवित व्यक्ति के नाम पर सिक्का जारी करके उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।' फेडरर के बैकहैंड करते हुए फोटो वाले 55 हजार सिक्के बनाए गए हैं। स्विसमिंट 50 फ्रैंक वाले सिक्के मई में जारी




करेगा। 20 बार के ग्रैंड स्लेम विजेता फेडरर ने इसके लिए स्विट्जरलैंड की सरकार का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'इस शानदार सम्मान के लिए स्विट्जरलैंड और स्विसमिंट का शुक्रिया।'

38 वर्षीय फेडरर स्विट्जरलैंड के सबसे सफल व्यक्तिगत खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 20 ग्रैंड स्लेम और 28 एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीते हैं। वह रेकॉर्ड 310 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रह चुके हैं। फेडरर अब विश्व रैंकिंग में नंबर 3 स्थान के इस साल का समापन करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया में जीत को तरसा पाकिस्तान, 24 साल का सूखा बरकरार

**मेलबर्न।** पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दोनों ही मैचों में पारी के अंतर से हार झेलनी पड़ी। पाकिस्तान के दो नए तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया गए लेकिन अजहर अली की टीम के लिए यह भी अच्छा नहीं रहा। कोच मिसबाह उल हक के लिए 16 वर्षीय नसीम शाह और 19 वर्षीय मोहम्मद मूसा का सिलेक्शन करना 'साहस' की जरूरत को दिखाता है जिस टीम की वर्ल्ड रैंकिंग हाल के वर्षों में लगातार गिरी है।


टिम पेन की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को सीरीज में 2-0 से क्लीनस्वीप किया। ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के गेंदबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे लेकिन 13 विकेट के लिए दो पारियों में करीब 1,200 लुटा दिए। नसीम और मूसा ने एक विकेट लिया, लेग स्पिनर यासिर शाह ने अपने 4 में से हर विकेट के लिए 100 रन लुटाए। टीम के सबसे अनुभवी तेज मोहम्मद अब्बास को ऐडिलेड ओवल को वापस बुलाया गया लेकिन उनकी पेस में धार नहीं दिखी।

गेंदबाजों में केवल केवल शाहीन अफरीदी ही पाकिस्तान की प्रतिष्ठा के अनुरूप गेंदबाजी करते दिखे। 19 साल के इस पेसर ने 5 विकेट लिए। हालांकि ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में पाकिस्तान अपनी हार के सिलसिले को रोकने में कम ही नजर आता है, लेकिन अजहर नई और युवा प्रतिभाओं के साथ भविष्य में अच्छा कर सकते हैं।

पाकिस्तान के बाबर आजम ने खुद को साबित किया और दुनिया के शीर्ष टी20 बल्लेबाजों के रूप में ऑस्ट्रेलिया आने के बाद एक टेस्ट परफॉर्मर के रूप में प्रदर्शन करते दिखे। 25 वर्षीय बाबर ने ब्रिसबेन में 104 और ऐडिलेड में 97 रन बनाए। इससे श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनका आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# जब कार्तिक आर्यन ने सारा अली खान को बताया अपनी 'पत्नी'

**बहुत** ज्यादा दिन नहीं हुए हैं जब कार्तिक आर्यन और सारा अली खान को एक साथ घूमते-फिरते देखा जाता था। दोनों के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री थी। खबरें तो यहां तक थीं कि कार्तिक और सारा का अफेयर चल रहा है। फिर कुछ दिनों बाद खबर आई कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है और अब बात भी नहीं कर रहे हैं। लेकिन हाल ही में कार्तिक आर्यन ने जो किया है, उससे तो कम से कम ऐसा नहीं लग रहा। ऐसा लग रहा है कि दोनों अभी भी साथ हैं। दरअसल कार्तिक जल्द रिलीज होने वाली अपनी फिल्म 'पति पत्नी और वो' के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में एक एंटरटेनमेंट वेबसाइट के साथ बातचीत में उनके और अनन्या पांडे व भूमि पेडनेकर के बीच एक रैपिड फायर राउंड खेला गया। इस राउंड के दौरान एक सवाल पूछा गया कि अपनी को-स्टार्स अनन्या और भूमि के अलावा वह किसे 'पत्नी' और 'वो' के रोल में देखना चाहते हैं। इसके लिए कार्तिक को एक लिस्ट दी गई थी, जिसमें सारा अली खान से लेकर नुसरत भरूचा, कियारा आडवाणी और तारा सुतारिया जैसी हिरोइनों के नाम थे। लेकिन इन सभी में से कार्तिक ने 'पत्नी' के तौर पर सारा का नाम लिया। साथ में वह कियारा का भी नाम लेते हैं। वहीं 'वो' के तौर पर उन्होंने तारा सुतारिया और नुसरत का नाम लिया।







# कृति को अपनी गर्लफ्रेंड बनाना चाहते हैं संजू

**ऐक्टर** संजय दत्त जल्द ही फिल्म 'पानीपत' में नजर आएंगे, जिसमें उन्होंने अहमद शाह अब्दाली का रोल प्ले किया है। जहां दर्शक फिल्म के लिए संजय के लुक से काफी इम्प्रैस हैं, वहीं संजय अपनी 'पानीपत' की को-स्टार कृति सैनन की ऐक्टिंग से प्रभावित हैं। संजय पर कृति की ऐक्टिंग इस कदर असर कर गई है कि वह उन्हें अब वह अपनी 309वीं गर्लफ्रेंड बनाना चाहते हैं। संजय ने यह बात हल्के-फुल्के अंदाज में एक कॉमिडी शो के दौरान कही, जहां वह 'पानीपत' के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। यहां संजय ने जेल में बिताए पलों के बारे में भी साझा किया और बताया कि कैसे वह अपने जेल टर्म को कम कराने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करते थे। इसी बीच शो के होस्ट ने जब संजय से उनकी गर्लफ्रेंड्स की गिनती के बारे में पूछा जो कि उनकी लाइफ पर बनी बायॉपिक में बताई गई थी, तो इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें यह गिनती और भी बढ़ानी होगी क्योंकि अभी उनका सफर जारी है। इसी के तुरंत बाद संजय ने कहा था कि वह कृति की परफॉर्मेंस से इस कदर प्रभावित हैं कि उन्हें अपनी 309वीं गर्लफ्रेंड बनाना चाहते हैं। अब देखना यह होगा कि उनकी वाइफ पर इस कैसे रिऐक्ट करती हैं। साथ ही कृति का रिऐक्शन देखना भी दिलचस्प होगा।



# फिर एक साथ नजर आएंगे रणबीर और दीपिका?

**ऐक्टर** रणबीर कपूर इस समय आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' की शूटिंग मनाली में कर रहे हैं। ऐसी खबरें आ रही हैं कि रणबीर कपूर अब दीपिका पादुकोण के साथ लव स्टोरी पर बेस्ड फिल्म में नजर आएंगे। ऐसी रिपोर्ट थी कि रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की ऑन स्क्रीन हिट जोड़ी डायरेक्टर लव रंजन की फिल्म में नजर आएगी। यह भी खबर थी कि अजय देवगन भी काम करेंगे लेकिन कुछ कारणों से वह इस प्रॉजेक्ट से बाहर हो गए। वहीं, अब रणबीर और दीपिका के साथ फिल्म बनाए जाने की खबर है। बता दें कि रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण एक साथ आखिरी बार 2015 में फिल्म 'तमाशा' में नजर आए थे। हाल ही फिल्म ने चार साल पूरे किए हैं। फैंस ने उनकी इस फिल्म को काफी पसंद किया। यह फिल्म दोनों ऐक्टर्स की बेस्ट फिल्मों में से एक बन गई। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण अब मेघना गुलजार की फिल्म 'छपाक' और कबीर खान की फिल्म '83' में नजर आएंगी। उनके साथ 'छपाक' में विक्रांत मेसी और '83' में उनके पति रणवीर सिंह काम कर रहे हैं।